पंजाब केसरी 18-01-2025

जी.एम.एन. कॉलेज की टीम ने लिया रोगों के लक्षण और रोकथाम पर जागरुकता प्रशिक्षण

अम्बाला, 17 जनवरी (बलराम): स्वास्थ्य विभाग द्वारा अम्बाला शहर में आयोजित शिविर में रैड रिबन क्लब, जी.एम.एन. कॉलेज के चार छात्राओं और 2 प्राध्यापिकाओं डा. नियति एवं डा. सुमन की टीम ने भाग लिया। उन्होंने एच.आई.वी./एड्स, टी.बी., एस.टी.आई., कुष्ठ रोग और अन्य गंभीर बीमारियों के लक्षण एवं रोकथाम के प्रति जागरुकता फैलाने का प्रशिक्षण लिया।

अम्बाला शहर में आयोजित शिविर में जागरुकता प्रशिक्षण लेने पहुंचीं जी.एम.एन. कॉलेज की टीम। (संजय)

प्रशिक्षण शिविर के दौरान छात्रों को जागरूक करने के लिए जिला नोडल अधिकारी एड्स डा. बी.बी. लता, डा. पल्लवी, रमेश चंद, सुखजीत कौर आदि विशेषज्ञ थे, जिसमें एच.आई.वी./एड्स, टी.बी., एस.टी.आई., कुष्ठ रोग और अन्य गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान एवं उपचार, सामाजिक जिम्मेदारी, इन रोगों से संबंधित सामाजिक कलंक को दूर करने के उपाय बताए।

जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों ने न केवल प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया, बल्कि विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर इन बीमारियों के बारे में अपने प्रश्न भी पूछे।

इन छात्रों ने संकल्प लिया कि वे कॉलेज स्तर पर और अपने आसपास के समाज में इन विषयों पर जागरुकता फैलाएंगे। कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि एक स्वस्थ समाज की स्थापना को सुनिश्चित किया जा सके।